दिन–गुरूवार दिनांक– 04/07/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

नीति आयोग ने आज से तीन महीने तक चलने वाले सम्पूर्णता अभियान की शुरूआत की है। तीस सितम्बर तक चलने वाले इस अभियान में देशभर में छह प्रमुख संकेतकों पर आधारित परिपूर्णता हासिल करने के लिए आकांक्षी जिलों और प्रखण्डों में अनवरत प्रयास किए जाएंगे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत देशभर के एक सौ बारह जिलों और पांच सौ प्रखण्डों में छह चिन्ह्ति संकेतकों के आधार पर परिपूर्णता प्राप्त करने का लक्ष्य है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत आने वाले जिलों और प्रखण्डों में तीन महीने की कार्ययोजना चलाई जाएगी और हर क्षेत्र में परिपूर्णता की प्रगति की निगरानी की जाएगी, जागरुकता लाई जाएगी और अभियान के अनुसार व्यवहार में परिवर्तन पर नजर रखी जाएगी। बिहार में तेरह आकांक्षी जिलों और इकसठ आकांक्षी प्रखंडों में सम्पूर्णता अभियान की शुरूआत की गयी है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में अपने आवास पर टी–ट्वेंटी विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम से मुलाकात की। इस दौरान कप्तान रोहित शर्मा, कोच राहुल द्रविड़, विराट कोहली, हार्दिक पंड्या, सूर्य कुमार यादव और जसप्रीत बुमराह सहित कई खिलाड़ी मौजूद थे। खिलाड़ियों ने प्रधानमंत्री से अपने अनुभव साझा किये।

———————————————————————

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान वैशाली जिले के लालगंज में सबसे अधिक पंचानवे दशमलव दो मिलीमीटर बारिश हुई है। वहीं, नालंदा के रहुई में सत्तासी दशमलव दो और राजगीर में पचहत्तर दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, किशनगंज और मधेपुरा जिले में कुछ स्थानों पर अत्यंत भारी बारिश की सम्भावना है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल और अररिया जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

———————————————————————————

नेपाल के तराई क्षेत्रों में हो रही भारी बारिश के चलते राज्य से होकर गुजरने वाली नदियों के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बागमती नदी बेनीबाद में खतरे के निशान से अट्‌ठाईस सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। वहीं, कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में लाल निशान से चौंतीस सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया। नदी का जलस्तर सुपौल के बसुआ में खतरे के निशान के आस–पास पहुंच गया है। इधर, महानंदा नदी का जलस्तर पूर्णियां के ढेंगराघाट में लाल निशान से ऊपर दर्ज किया गया। कटिहार के झावा में नदी का जलस्तर चेतावनी के स्तर को पार कर गया है। परमान नदी अररिया में लाल निशान से सत्रह सेंटीमीटर ऊपर बह रही है।

———————————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के मधुबनी प्रखंड अंतर्गत तमकुहवा में बना पुलिया और एप्रोच रोड ध्वस्त हो गया। छह महीने पहले इस पुल का निर्माण छह लाख रूपये की लागत से किया गया था। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि पुल गिरने के कारणों की जांच करायी जायेगी।

———————————————————————————

बिहार में लगातार पुल गिरने की घटनाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गयी है। याचिका में कहा गया है कि पिछले दो वर्षों में बिहार में बारह पुल गिर चुके हैं। याचिकाकर्ता ने राज्य में मौजूद और हाल के वर्षों में बने सभी पुलों की संरचना की जांच कराने का आदेश देने की सुप्रीम कोर्ट से मांग की है।

———————————————————————————

मधुबनी जिले के भैरव स्थान थाना क्षेत्र के झौआ गांव में आम तोड़ने के विवाद में मां–बेटे की हत्या कर दी गयी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————————

पटना के दीघा थाना क्षेत्र में कल एक युवक की हत्या से आक्रोशित लोगों ने बाटा फैक्ट्री के पास आगजनी कर प्रदर्शन किया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।